# 2 करोड़ का जेवरात चोर हैदराबाद भागने से पहले पुलिस के हत्थे चढ़ा

## लाखों रुपये का कर्ज चुकाने के लिए की थी नकबजनी की वारदात




जयपुर नार्थ स्पेशल टीम और ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई कर 2 करोड़ रुपये के जवाहरात चुराने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया।

**जयपुर** (कासं)। ब्रह्मपुरी इलाके में एक जवाहरात की गद्दी से 2 करोड़ रुपए के डायमंड, नगीना, नीलम और पन्ना जैसे 23 किलो जेवरात चुराने वाले मुख्य आरोपी मोहम्मद वसीम को जयपुर पुलिस ने दबोचा है।

■ **पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 23 किलो नगीना, पुखराज, नीलम, माणक और पन्ना बरामद किया**

नार्थ स्पेशल टीम और ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई कर इस शातिर बदमाश को ढूंढा है। आरोपी वसीम चोरी का 23 किलो तैयार नगीना, नीलम, पुखराज माणक व पन्ना हैदराबाद ले जाने की फिराक में था।

डीसीपी नॉर्थ परिस देशमुख ने बताया कि आरोपी अपने साथी के साथ चोरी की वारदात को अंजाम देकर यहां से फरार हो गया और घर में चोरी किए गए माल को छुपा दिया। इसके बाद पुलिस ने करीब 100 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले और करीब 100 से ज्यादा संदिग्धों से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान सामने आया कि गद्दी पर काम करने वाले पूर्व कर्मचारियों की मिलीभगत से आरोपी वसीम ने रैकी कर चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया था। रैकी करने के लिए अपने एक साथी को इस्तेमाल किया और फिर योजना बनाकर जवारात की गद्दी में प्रवेश किया। सीसीटीवी कैमरे गद्दी पर लगे हुए थे। आरोपी ने उन्हें ऊपर कर दिया और कटर मशीन से ताले काटकर तैयार माल को चुराकर फरार हो गया।

पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी वसीम पर लाखों रुपए का कर्जा हो गया था। आरोपी पहले अपने कई बिजनेस कर चुका था, लेकिन सभी बिजनेस बंद हो गए थे। इसके चलते आरोपी पर लाखों रुपए का कर्जा हुआ। इस कर्ज को चुकाने के लिए आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। आरोपी चोरी के माल को हैदराबाद ले जाने की फिराक में था। इसके लिए आरोपी ने फ्लाइट की टिकट भी करा लिए थे। लेकिन उससे पहले ही नॉर्थ जिले की स्पेशल टीम को आरोपी के बारे में सूचना मिल गई। सूचना पर पुलिस ने दबिश देते हुए आरोपी मोहम्मद वसीम को आदर्श नगर इलाके से दबोच लिया। हालांकि अभी भी इस मामले में दो आरोपी फरार चल रहे हैं। आरोपी से पूछताछ में शामिल अन्य साथियों की तलाश में जुट गई है। बता दें कि 24 जुलाई को ब्रह्मपुरी थाना इलाके के माउंट रोड स्थित जावरा की गद्दी पर नकबजनी की वारदात हुई थी।

# आरयू में टंकी से दूसरे दिन भी नीचे नहीं उतरे तीनों छात्र

■ **छात्रसंघ चुनाव की तारीख आगे बढ़ाने का आश्वासन लिखित में देने की मांग पर अड़े विद्यार्थी**

**जयपुर** (कासं)। छात्र संघ चुनाव की तिथि आगे बढ़ाये जाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का विरोध लगातार जारी है। परिषद के कार्यकर्ताओं ने रविवार को जब सिविल लाइंस फाटक पर प्रदर्शन करने का ऐलान किया तो विवि. प्रशासन ने राजस्थान विवि. के गेट ही बंद कर दिए, जिससे परिषद के कार्यकर्ताओं के वाहन विवि परिसर में ही फंस कर रह गए। ऐसे में कार्यकर्ताओं ने विवि परिसर में मुख्यद्वार पर जमकर राज्य सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए और धरने पर बैठ गए।

दूसरी ओर से शनिवार दोपहर तकरीबन एक बजे विवि. में पानी की टंकी पर चढ़े तीन कार्यकर्ताओं ने भी लिखित आश्वासन मिलने तक नीचे उतरने से इंकार कर दिया है। गौरतलब है कि परिषद के तीन कार्यकर्ता नरेंद्र यादव, मनु दाधीच और राहुल मीणा शनिवार दोपहर तकरीबन एक बजे अपने गले में सांकेतिक फांसी लगाते हुए विवि परिसर में एक पानी की टंकी पर चढ़ गए और लिखित आश्वासन मिलने तक नीचे आने से इंकार कर दिया। इनका कहना था कि जब तक उन्हें सरकार ने छात्र संघ चुनाव की तिथि आगे बढ़ाए जाने का लिखित आश्वासन नहीं मिलता, वह नीचे नहीं आएंगे। कल से कई बार विवि. प्रशासन से वार्ता का दौर चलने के बाद भी अब तक उनकी मांगों पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर तीनों ने टंकी से नीचे आने से इंकार कर दिया।

अपने समर्थकों के साथ टंकी पर चढ़े छात्र नेता नरेंद्र यादव ने कहा कि जब तक सरकार 100 फीसदी एडमिशन की प्रक्रिया पूरी नहीं कर लेती। छात्रसंघ चुनाव नहीं होने चाहिए, क्योंकि ऐसा करने से लोकतंत्र के महापर्व में छात्र शामिल नहीं हो सकेंगे। अगर सरकार ने फिर भी ऐसा किया तो हम आत्मदाह कर लेंगे।

गौरतलब है कि राजस्थान सरकार ने प्रदेश में 26 अगस्त को छात्र संघ चुनाव का ऐलान किया हैएलेकिन विवि में एडमिशन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है। ऐसे में छात्रसंगठन लगातार चुनाव की तिथि आगे बढ़ाने की मांग कर रहे थे लेकिन पिछले दिनों उच्च शिक्षा मंत्री राजेंद्र यादव ने 26 अगस्त को ही चुनाव कराने का बयान दिया था। जिसके बाद छात्रों ने सरकार के खिलाफ विरोध शुरू कर दिया है। पिछले कई दिनों से परिषद का तिथि आगे बढ़ाए जाने सहित कई अन्य मांगों को लेकर कैम्पस में धरना चल रहा था लेकिन अब सरकार के फैसले के खिलाफ परिषद कार्यकर्ता पानी की टंकी पर चढ़ गए हैं। एबीवीपी का कहना है कि छात्रसंघ चुनाव 26 अगस्त को होने हैं, लेकिन विवि में प्रवेश प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। 16 अगस्त को विवि में कोड ऑफ कंडक्ट लागू हो जाएगा जिसके बाद विवि में भी किसी प्रकार के एडमिशन नहीं हो सकेंगे। 18 अगस्त से चुनाव प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इस दिन मतदाता सूची जारी होनी है। स्नातकोत्तर तक के स्टूडेंट्स की प्रवेश परीक्षा के परिणाम ही 17 अगस्त को आना प्रस्तावित हैं, लेकिन एडमिशन नहीं होने से बहुत से विद्यार्थी इसमें शामिल न हो सकेंगे।


## सार-समाचार

### वार्ड 42 के पार्षद कार्यालय का उद्घाटन




**जयपुर** (कासं)। ग्रेटर निगम के वार्ड 42 के पार्षद वीरेन्द्र सिंह शेखावत के कार्यालय का उद्घाटन रविवार दोपहर विद्याधर नगर विधायक नरपत सिंह राजवी और महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि जयपुर शहर के सांसद रामचरण बोहरा, उप महापौर पुनीत कर्णावट और भाजपा जयपुर शहर अध्यक्ष राघव जी शर्मा रहे। खातीपुरा में खिरणी फाटक, आरओबी(पुलिया) के नीचे बने इस कार्यालय के उद्घाटन पर वार्ड के हजारों लोग भी मौजूद थे। समारोह में अतिथियों ने आमजन से आग्रह किया कि स्वतंत्रता दिवस पर अपने-अपने घरों पर तिरंगा झंडा जरूर फहराएं।

### यूनियन फुटबाल क्लब ग्राउंड की सफाई



**जयपुर** (कासं)। रामनिवास बाग जयपुर में यूनियन फुटबॉल क्लब ग्राउंड नं. 2 पर 10 अगस्त से होने वाली राजस्थान लीग (द्वितीय डिवीजन) की तैयारियां जोर -शोर से चल रही है। जेडीए प्रशासन के सहयोग से खेल मैदान में खरपतवार निकाल कर घास की कटाई-सफाई और मार्कड लाइनिंग की जा रही है। कोऑर्डिनेटर अभिनव स्वामी ने बताया कि आर लीग कराने के लिए यूनियन फुटबॉल क्लब ने राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन को खेल मैदान निःशुल्क दिया है तथा क्लब मदर ऑफ फुटबॉलर्स का खिताब महफूज रखने का सफल प्रयास कर रहा है।

### नरसिंह मंदिर में बही भजनों की बयार



**जयपुर**। खाटू श्याम सेवा परिवार नंदपुरी सोडाला के तत्वावधान में नरसिंह मंदिर पुरानी बस्ती जयपुर में रविवार को वार्षिकोत्सव व भजन रस गंगा आयोजित हुई। कार्यक्रम संयोजक मंडल अध्यक्ष सोनिया कौशिक ने बताया कि श्याम बाबा का भव्य दरबार लगाया गया और छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। कार्यक्रम में सभी कलाकारों ने बाबा को अपनी सुमधुर वाणी से खूब रिझाया। कार्यक्रम में नरसिंह मंदिर पीठाधीश्वर महंत अवधेश दास महाराज, मंडल संरक्षक नितिन बुडानिया, लोकेश सिंह, कुसुम सैनी, विनोद शर्मा, डॉ. नरेन्द्र चौधरी, पूनम गुप्ता, उषा जैन, इन्द्रा पालीवाल, एकता नागवंशी और नीलू प्रकाश समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### शिविर में 251 यूनिट रक्तदान



**जयपुर** (कासं)। स्वेज फार्म सोडाला स्थित श्याम मैरिज गार्डन में रविवार को समाजसेवी रामदास पंवार की प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। शिविर में लोगों ने 251 यूनिट रक्त दान किया। शिविर का आयोजन गिरीश सैनी और राहुल सैनी ने किया था। मुहाना फल-सब्जी मंडी के अध्यक्ष राहुल तंवर ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर रक्तदाताओं की हौसला अफ़जाई की और खुद भी रक्तदान किया। इस अवसर पर संजय सैनी, जतिन सैनी और सौरभ कटारिया मौजूद थे।

### हिंगोनिया गौशाला में किया पौधारोपण



**जयपुर**। रोटरी क्लब और बेस्ट केपिटल की ओर से रविवार को हिंगोनिया गौशाला में पौधारोपण किया गया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष अरुण बगड़िया ने बताया कि गौशाल में छायादार व फलदार पौधे लगाए है। इन पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी भेंट किए जाएंगे। बारिश के दौरान शहर के स्कूलों, मोक्षधाम, पार्कों सहित अन्य जगाहों पर एक हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है। इस अवसर पर रोटरी क्लब के सचिव डॉ. रोहन गुप्ता, विष्णु बिरला, मनोज काल्या, सुशिल गोयल, संतोष गुप्ता, रामविलाश शर्मा, इंद्र सिंह भाटी, पंकज विजयवर्गीय, विशाल, सतिश सहित अन्य मौजूद रहे।

### शिविर में 500 लोगों ने लगवाई वैक्सीन

**जयपुर** (कासं)। झोटवाड़ा विधायक एवं कृषि मंत्री लालचन्द कटारिया की प्रेरणा से वैशाली नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने रविवार को कोविड वैक्सीनेशन का महाशिविर लगाया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक शर्मा ने बताया कि इस शिविर में करीब 500 लोगों ने को-वैक्सीन, कोविशील्ड और कोर्वीवैक्स लगवाई। पार्षद प्रत्याशी मोहित जैन, कर्मवीर चौधरी और उत्तम यादव समेत कांग्रेस नेता रणजीत सोनी की आयोजन में महत्वपूर्ण भागीदारी रही। महा शिविर का उद्घाटन सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने किया। शिविर मं कृषि मंत्री के ओएसडी जय कुमार जैन, डॉक्टर प्रहलाद रघु, पार्षद प्रत्याशी सीता रघु, अनिल शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश सिंघवी, जयपुर जिला देहात कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता सहित कांग्रेस नेता पंकज सोनी, अमर मंडावरा, मनोज सिंह चौहान, प्रमोद शर्मा, डॉ. दिनेश द्विवेदी, राकेश जाजोरिया, जगदीश चौधरी, सुरेश चतुर्वेदी, बाबूलाल खरेटिया,राजेश कटारा, एडवोकेट घनश्याम सिंह, जय सिंह बुडानिया, सिराज अहमद खान समेत कई लोग मौजूद थे।

# भोलेनाथ के जयकारों के साथ शहर में निकली कावड़ यात्रा

## गलताजी से तीर्थ जल भरकर आराध्यदेव का अभिषेक करने निकले हजारों श्रद्धालु



पूर्व महापौर ज्योति खंड़ेलवाल के साथ रविवार को महिला-पुरूषों ने डबल शंकर महादेव मंदिर तक कलश व कावड़ यात्रा निकाली।

**जयपुर** (कासं)। सावन के आखिरी रविवार को गलता तीर्थ से शहर तक कावड़ियों का मेला लगा। शहर की हर राह पर कांवड़ कलश यात्रा निकली। अलसुबह से ही शहर में बोल बम... ताडक्र बम... के जयकारे गूंजायमान रहे। भक्त अलसुबह से ही गलता तीर्थ से कांवड में जल लेकर निकले, इसके बाद महिलाएं भी कलश लिए कांवड यात्रा में शामिल हुई। देखते ही देखते रह राह आस्था की झलक उमड पड़ी। महिलाएं मंगल गीत गाते हुए कांवड यात्रा में शामिल हुई। कांवड जल के साथ गंगा जल, गलता तीर्थ के जल से शिवजी के अभिषेक का दौर शुरू हुआ। परकोटे में सूरजपोल बाजार, रामगंज बाजार, चौडा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, चांदपोल बाजार सहित हर सडक्र शिवमय नजर आई। बाबा हरिशचंद्र मार्ग स्थित डबल शंकर महादेव मंदिर के लिए गलता तीर्थ से कांवड यात्रा निकली। आयोजन समिति के संयोजक शरद खण्डेलवाल ने बताया कि कांवड यात्रा सुबह गलता से शुरू होकर सूरजपोल, रामगंज बाजार, बडी चौपड, चौड़ा रास्ता स्थित द्वारकाधीश मंदिर पहुंची। यहां से 1100 महिलाएं पूर्व महापौर ज्योति खण्डेलवाल की अगुवाई में कलश लेकर बैंड बाजों और लवाजमों के साथ कावड़ यात्रा में शामिल हुई।

# प्यार में फंसाकर महिला से दुष्कर्म

**जयपुर**। भट्टाबस्ती इलाके में शादी का झांसा देकर एक महिला से रेप का मामला सामने आया है। पिछले चार सालों तक आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। प्रेग्नेंट होने पर उसका ऑबोशन भी करवाया। शादी का दबाव बनाने पर दूसरी महिला से शादी कर ली। भट्टाबस्ती थाने में पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस ने बताया कि भट्टाबस्ती निवासी 36 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। करीब 4 साल पहले उसकी मुलाकात सलीम अहमद से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने उसे शादी के लिए ऑफर किया। आरोपी सलीम अहमद ने खुद की पत्नी की मौत होना बताया। शादी कर साथ जिंदगी जीने की कहा। शादी का वादा कर आरोपी ने उसके साथ रेप किया। उसके घर आकर लगातार दुष्कर्म करता रहा।

प्रेग्नेंट होने पर समाज के लोगों के सामने शादी कर बच्चों की प्लानिंग करने की कहकर ऑबोशन करवा दिया। शादी करने का दबाव बनाने पर टालमटोल करने लगा। अचानक कुछ दिनों के लिए आरोपी सलीम गायब हो गया। जिसके बाद कॉन्टैक्ट में आया तो दूसरी महिला से शादी करने की बताया। विरोध करने पर धमकाया कि तुझे बदनाम कर दूंगा। तेरी जीना दुश्वार कर दूंगा। आए दिन सलीम व महिला धमकिया देते हैं, हमारे रास्ते से हट जा नहीं तो तेरा अन्जाम बुरा होगा। परेशान होकर पीड़िता ने भट्टाबस्ती थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर पीड़िता के बयानों के मुताबिक जांच शुरू कर दी है।

# बच्चा चोर को पकड़ने वाले कांस्टेबलों का सम्मान किया




सवाई मानसिंह अस्पताल से 4 महीने के मासूम दिव्यांश के अपहरण की सनसनीखेज वारदात का खुलासा करने वाली टीम को जयपुर के युवाओं ने सम्मानित किया। सभी युवा महेश नगर थाने पहुंचे, जहां पर सराहनीय कार्य करने वाली टीम के कांस्टेबल भीम सिंह, राम सिंह और देवराज को साफा और माला पहना कर सम्मानित किया और मिठाई खिलाई। भीम सिंह ने बताया कि बच्चे की अपहरण की वारदात बेहद सनसनीखेज थी, उन्हें इस वारदात का बेहद दुख था ,वह चाहते थे कि इस वारदात का खुलासा करे।

# जेडीए ने अवैध कॉलोनी में ध्वस्त किये निर्माण

**जयपुर** (कासं)। जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने रविवार को इकोलॉजिकल जोन में आगरा रोड पर सीबीआई फाटक के पास लगभग 2 बीघा निजी खातेदारी भूमि पर बसाई जा रही नई अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया। यहां बनाई गई ग्रेवल रोड व प्लॉट की बाउंड्रीवॉल को ध्वस्त किया। जेडीए ने पहले भी यहां दो बार कार्रवाई कर निर्माणों को ध्वस्त किया था। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी के अनुसार जोन 10 में इकोलॉजिकल जोन क्षेत्र में बसाई जा रही नई अवैध कॉलोनी में 14 मई और 3 अगस्त को कार्रवाई की गई, लेकिन नई अवैध कॉलोनी में फिर से सरकारी अवकाश पर मौका पाकर रातोंरात दीवार-पिल्लर खड़े कर पुनः दुकानों का छत लेवल तक अवैध निर्माण कर सटरिंग करने का काम शुरू किया जा रहा था, इस पर कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया। इसके अलावा इकोलॉजिकल जोन क्षेत्र में स्थित मुरली वाला गार्डन के पीछे, आगरा रोड पर विगत दिवसों में रातोंरात मौका पाकर करीब 1.5 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर बिना भू-रूपांतरण कराये, ठोवल-मिट्टी की सड़क, प्लाटों की बाउंड्रीवाल-पिल्लर व अवैध निर्माण कर बसायी जा रही अवैध कॉलोनी में पुनः अवैध निर्माण ध्वस्त किये।

# प्रदेश में लगातार दूसरे दिन रविवार को भी छह सौ नए संक्रमित मिले

## पिछले चौबीस घंटों में सबसे ज्यादा 176 संक्रमित जयपुर में और 109 रोगी अलवर में पाए गए हैं

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रदेश में लगातार दूसरे दिन रविवार को भी 600 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इनमें जयपुर और अलवर में सौ से अधिक मामले पाए गए हैं। वहीं इस बीच झालावाड़ में करोना से एक मरीज की मौत भी हो गई है।

■ **करोना से झालावाड़ में एक मरीज की मौत हुई है।**

प्रदेश में रविवार को 24 जिलों में 600 नए संक्रमित सामने आए हैं। इससे पहले शनिवार को भी इतनी ही संख्या में रोगी मिले थे। राज्य में आज 16 हजार 323 जांचे की गई। इनमें जयपुर में 2393 जांचे हुई। इधर राज्य में सबसे ज्यादा 176 जयपुर और 109 नए संक्रमित अलवर जिले में मिले हैं। इसके अलावा उदयपुर व नागौर में 38-38, जोधपुर में 37, चित्तौड़गढ़ में 34, अजमेर में 31, भरतपुर व दौसा में 25-25, धौलपुर में 16, कोटा में 13, डूंगरपुर में 11, भीलवाड़ा में 10, जैसलमेर व सिरोही में 7-7, झालावाड़ में 5, सीकर व बीकानेर में 4-4, बारां में 3, बूंदी व जालौर में 2-2 तथा बांसवाड़ा, बाड़मेर और हनुमानगढ़ में एक-एक नया संक्रमित मिला है। बूंदी जिले में करीब छह महीने बाद नए संक्रमित मिले हैं।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में केवल 177 मरीज ही ठीक हुए हैं। राज्य में रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर 3438 हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 1173 मामले जयपुर जिले में हैं। इसके अलावा उदयपुर में 287, अलवर में 278 और जोधपुर में 236 लोगों का इलाज चल रहा है।

राज्य में रविवार को करोना से झालावाड़ में एक संक्रमित की मौत हो गई है। जिले में अब तक करोना से 209 मौतें हुई है। हालांकि प्रदेश में अब तक इस बीमारी से 9590 लोगों की जान जा चुकी है।

जयपुर में आज 42 जगहों पर नए करोना संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 35 नए मरीज सांगानेर इलाके में पाए गए हैं। इसके अलावा मालवीय नगर में 20, दुर्गापुरा में 15, मानसरोवर में 10, जगतपुरा में 9, सोड़ाला व वैशाली नगर में 8-8, जवाहर नगर व सांभर में 6-6, विद्याधर नगर में 5, बनीपार्क में 3, आदर्श नगर, बजाज नगर, ब्रह्मपुरी, बस्सी, चाकसू, दूदू, गांधी नगर, झोटवाड़ा, कोटपूतली, लालकोठी, मुरलीपुरा, निर्माण नगर व सिरसी में 2-2 तथा अजमेर रोड, आमेर, बापू नगर, बरकत नगर, गलता गेट, गोपालपुरा, गुर्जर की थड़ी, हवा सड़क, जौहरी बाजार, कालवाड़ रोड, मिलाप नगर, प्रताप नगर, फागी, पुरानी बस्ती, शाहपुरा, टोंक फाटक और शास्त्री नगर में 1-1 नया मरीज मिला है। वहीं 8 संक्रमितों का पता सही नहीं मिला है। जिले में पिछले चौबीस घंटों में 60 मरीज ठीक हुए हैं।

# युवाओं ने खुद के खर्चे से लगवाई गौवंश को वैक्सीन



**जयपुर** (कासं)। लम्पी वायरस से गौ-वंश को बचाने के लिए अपेक्षा फांउडेशन के कर्मचारी, युवा और व्यापारियों ने जनसहयोग से पैसा जुटाकर अपने स्तर पर 'हैस्टर' की 'गौटा पॉक्स वैक्सीन' मंगवाई है। रविवार को दुर्गापुरा गौशाला में गौ-वंश को यह वैक्सीन लगाई।

गौशाला व्यवस्थापक राधेश्याम ने बताया कि गौशाला में 663 गौवंश है। इनमें से 500 गायों को टीम ने वैक्सीनेट किया जायेगा। इस कार्य को अपेक्षा फांउडेशन टीम लगातार अन्य विभिन्न गौशाला में भी जारी रखा जायेगा।

इस दौरान पशु पालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार सैन ने योगदान दिया। गौवंश को वैक्सीनेट करने के लिए दुर्गापुरा पशु चिकित्सालय से डॉ.अवधेश जैन और उनकी टीम को मौके पर भेजा। इस मौके पर टीम के नरेन्द्र सिंह राजपुरोहित, यशवंत सिंह तंवर, शिवराज सिंह राठौड़, प्रवीण सिंह राजपुरोहित और गोपाल सिंह राजपुरोहित मौजूद थे।